दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 299 मुरादाबाद, 26 February 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## विधानसभा में विपक्ष पर गरजे योगी, बोले- माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा; अखिलेश ने भाषा पर जताई नाराजगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा कि हम किसी भी माफिया को नहीं बख्शेंगे। उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। यूपी में विधानमंडल सत्र जारी है। शनिवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह की हत्या का मामला उठाया और कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा कि हम माफियाओं के खिलाफ हैं, उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। उन्होंने कहा कि सपा ने ही अतीक अहमद को प्रश्रय दिया है। हम किसी भी माफिया को नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा माफियाओं की पोषक है। राजूपाल हत्याकांड में अतीक अहमद दोषी है उसे सपा ने विधायक बनाकर प्रश्रय दिया। अखिलेश यादव की तरफ इशारा करते हुए योगी ने कहा कि आप खुद माफियाओं का पोषण कर रहे हैं। इस पर अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी की भाषा पर सवाल उठाए। इस पर सदन में कुछ देर के लिए हंगामा हो गया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के दखल के बाद सदन की कार्यवाही फिर से चलने लगी। मुख्यमंत्री विधानसभा में राज्यसभा के अभिभाषण पर सदन को संबोधित करने वाले थे पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह की गोली मारकर हत्या का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने नाराजगी भरे लहजे में सपा को माफियाओं की पोषक करार देते हुए प्रदेश को विकास के रास्ते पर अग्रसर बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई भी माफिया नहीं बचेगा। हम किसी भी माफिया को नहीं बख्शेंगे। शुक्रवार को बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और वकील उमेश पाल की स्वचालित हथियारों से गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में उमेश की सुरक्षा में तैनात गनर संदीप निषाद की भी मौत हो गई। प्रयागराज पश्चिम के विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी, 2005 को हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद व उसके छोटे भाई पूर्व विधायक अशरफ पर केस चल रहा है।

### पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर भी दिया जवाब

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव द्वारा भाजपा की पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर सवाल उठाने पर कहा कि पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी का सबसे बड़ा प्रमाण जनता का आदेश है। जनता ने भाजपा के पक्ष में लगातार लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव 2017 और 2022 में जनादेश दिया है। यह पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

### रामचरितमानस विवाद पर दिया जवाब

मुख्यमंत्री योगी ने अपने भाषण में रामचरितमानस विवाद पर भी जवाब दिया और कहा कि इस ग्रंथ ने सदियों से हिंदू समाज को एकजुट रखा है। आज उसका अपमान हो रहा है। अगर यही बातें किसी अन्य धर्मग्रंथ के बारे में कही गई होतीं तो न जाने क्या हो जाता। उन्होंने कहा कि ताड़ना का क्या होता है... अवधी में कई बार कहा जाता है कि इतने देर से केहका ताड़ता हो... क्या ताड़ने का अर्थ मारने से है...। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को गर्व होना चाहिए कि रामचरितमानस यूपी की धरती पर रचा गया है लेकिन हिंदुओं का अपमान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि विरासत में सत्ता तो मिल सकती है कन बुद्धि नहीं मिल सकती है।

## PM मोदी ने कहा, अमृत काल के पहले बजट में युवाओं के भविष्य को दी गई अहमियत




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को युवा शक्ति का दोहन-कौशल और शिक्षा पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के विजन को लेकर देश के अमृत यात्रा का नेतृत्व हमारे युवा ही कर रहे हैं। इसलिए अमृतकाल के इस प्रथम बजट में युवाओं को और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है। पीएम ने आगे कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली व्यावहारिक और उद्योग उन्मुख हो। ये बजट इसकी नींव मजबूत कर रहा है।

### सरकार कर रही इन पर फोकस

पीएम मोदी ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी नई तरह की क्लासरूम के निर्माण में भी मदद कर रहे हैं। कोविड के दौरान हमने अनुभव भी किया है, इसलिए आज सरकार ऐसे टूल्स पर फोकस कर रही है जिससे कहीं भी ज्ञान की पहुंच सुनिश्चित हो सके। आज भारत को दुनिया विनिर्माण हब के रूप में देख रही है। इसलिए आज भारत में निवेश को लेकर दुनिया में उत्साह है। ऐसे में कुशल कार्यबल आज बहुत काम आती है।

### ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म में 3 करोड़ सदस्य

पीएम मोदी ने कहा सरकार ऐसे उपकरणों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे कहीं भी शिक्षा प्राप्त करना सुनिश्चित हो सके। आज हमारे ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म में 3 करोड़ सदस्य हैं। वर्चुअल लैब और राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी में भी ज्ञान का बहुत बड़ा माध्यम बनने की संभावना है। नई शिक्षा नीति को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि वर्षों से हमारा शिक्षा क्षेत्र कठोरता का शिकार रहा है। हमने इसे बदलने का प्रयास किया है। हमने युवाओं की शिक्षा और कौशलता को युवाओं की योग्यता और आने वाली मांग के मुताबिक नई दिशा दी। नई शिक्षा नीति में भी शिक्षा और कौशल दोनों पर समान जोर दिया गया है।

### भारत को विनिर्माण हब के रूप में देख रही दुनिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत को दुनिया विनिर्माण हब के रूप में देख रही है इसलिए आज भारत में निवेश को लेकर दुनिया में उत्साह है। ऐसे में कुशल कार्यबल बहुत काम आती है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.O आने वाले वर्षों में लाखों युवाओं को स्किल, रिस्किल, अपस्किल करेगी।

### सभी को मिलेंगे बराबरी के अवसर

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे शैक्षिक संस्थान के लिए भी अब देश भर से शिक्षण सामग्री की अनेक प्रकार की विविधताएं, विशेषताएं जैसी अनेक चीजें उपलब्ध होने वाली है। इससे गांव और शहरों के विद्यालयों के बीच जो खाई होती थी, वो भी दूर होगी। सभी को बराबरी के अवसर मिलेंगे

## सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, DRG के तीन जवान शहीद; दो घायल




नई दिल्ली- ऑनलाइन डेस्क- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप ( डीआरजी ) के तीन जवान शहीद हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ शनिवार सुबह जगरगुंडा के पास आश्रम पारा में हुई है। इस दौरान दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस दौरान बम धमाके की आवाज भी सुनी गई।

### दो जवान भी घायल

बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। मृतकों में एएसआई रामूराम नाग, सहायक कांस्टेबल कुंजम जोगा और सैनिक वंजम भीमा शामिल हैं। हमले में दो जवान घायल भी हुए हैं।

### नक्सलियों ने घात लगाकर किया हमला

पुलिस सूत्रों के अनुसार जगरगुंडा क्षेत्र के नए स्थापित कुंदेड़ कैम्प से एरिया डोमिनेशन पर पार्टी निकली थी।


तभी कैम्प से दो किमी दूर आश्रमपारा के पास सुबह आठ बजे नक्सलियों ने घात लगाकर जवानों पर हमला कर दिया। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुठभेड़ थमी। बैकअप पार्टी को घटनास्थल की ओर भेजा गया है। क्षेत्र की सर्चिंग की जा रही है।

## मायावती ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल, कहा-गवाह और गनर की हत्या सरकार के दावों की पोल खोलने वाली

बसपा सुप्रीम मायावती ने राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह व उसके गनर की हत्या पर ट्वीट कर सरकार के दावों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना कानून व्यवस्था पर सरकार के दावों की पोल खोलती है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और गनर की हत्या पर बयान दिया और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गवाह और गनर की हत्या सरकार के दावों की पोल खोलती है।

उन्होंने ट्वीट किया कि प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह व गनर की हत्या योगी सरकार के कानून व्यवस्था के दावों की पोल खोलती है। सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कराकर दोषियों को सजा दे। यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। शनिवार को प्रयागराज में विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और वकील उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमले में गनर की भी मौत हो गई। इसे लेकर विपक्ष ने योगी सरकार पर निशाना साधा है।

## राष्ट्रपति भवन में पीएम मोदी से मिले जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज, रूस-यूक्रेन युद्ध पर होगी चर्चा




2021 में जर्मनी का चांसलर बनने के बाद यह शोल्ज की पहली भारत यात्रा है। वह ऐसे समय में भारत की यात्रा पर आए हैं, जब एक दिन पहले ही यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को एक साल पूरा हुआ है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज शनिवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे। यहां राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। दोनों नेता आज समग्र वार्ता करेंगे, जिसमें यूक्रेन संघर्ष, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति, स्वच्छ ऊर्जा, कारोबार और नई प्रौद्योगिकी के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों में तेजी लाने से जुड़े कदमों पर चर्चा होगी। 2021 में जर्मनी का चांसलर बनने के बाद यह शोल्ज की पहली भारत यात्रा है। वह ऐसे समय में भारत की यात्रा पर आए हैं, जब एक दिन पहले ही यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को एक साल पूरा हुआ है। भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा था, जर्मन चांसलर शोल्ज और प्रधानमंत्री मोदी के बीच मुलाकात में हम रूस-यूक्रेन युद्ध को एजेंडे में बहुत ऊपर देखते हैं। यह एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, मोदी-शोल्ज वार्ता के एजेंडे में रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव, खास तौर पर खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा इस बातचीत में प्रमुखता से उठने की संभावना है। इसके अलावा कारोबार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और नयी प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हो सकती है। दोनों नेताओं के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में सम्पूर्ण स्थिति के बारे में भी चर्चा हो सकती है, जहां बीते कुछ वर्षो में चीन की आक्रामकता बढ़ी है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर शोल्ज के बीच 16 नवंबर को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर इंडोनेशिया के बाली में द्विपक्षीय वार्ता हुई थी। आधिकारिक कार्यक्रम के मुताबिक, शोल्ज 25 फरवरी को दिल्ली सुबह सवा नौ बजे पहुंचेंगे और 10 बजे राष्ट्रपति भवन में उन्हें सलामी गारद पेश किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर शोल्ज के बीच वार्ता होगी। दोपहर में शोल्ज राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। चांसलर शोल्ज का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करने का भी कार्यक्रम है। रविवार की सुबह चांसलर शोल्ज बेंगलूरू के लिए रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने जर्मन चांसलर की यात्रा की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा था कि शोल्ज के साथ वरिष्ठ अधिकारी और उच्चाधिकार प्राप्त उद्यमी शिष्टमंडल भी होगा।

## संपादकीय Editorial

### Leader, hold your tongue...


Congress spokesperson Pawan Khera was dramatically arrested at the Delhi airport, produced in the Dwarka court for transit remand, but at the same time was granted interim bail by the Supreme Court. The reference was to insulting PM Modi's late father by taking the wrong name. Assam police had come till Delhi to arrest Pawan Kheda. Kheda was taken off the plane in a very dramatic manner. Then after the announcement of the arrest, the Congress leaders sat on a dharna near the runway of the airport. However, this whirlwind has not stopped yet, because profanity and use of indecent language have become our political culture. What is interesting and questionable in this whole scenario is that within a few minutes the Supreme Court heard Kheda's case and also granted him bail. More than 69,000 cases are still pending in the apex court itself. A total of about 7 crore cases are still pending in various courts of the country. Don't know how many ages pass by wearing slippers in the courts and justice is not achieved till the last breath.

Surely it is not just a question of the courts, our entire system is riddled with holes from which 'justice' oozes. Pawan Kheda proved to be very fortunate and a very special citizen that his freedom was protected within minutes. Who listens to the common citizen of the country! The top court had refused to hear the case of cracks in houses in Joshimath town and apprehensions of their collapse and directed them to approach the trial court. However, the relief to Kheda has come with a warning from the judicial bench. Whatever rhetoric he made was not a slip of the tongue, as his facial expressions were sarcastic, so his intention is also understandable. Kheda had uttered such a profanity that his lawyer and Congress Rajya Sabha MP Abhishek Manu Singhvi did not even think it ethical to repeat those words in front of the court. The judges heard the audio and understood the matter. Kheda's counsel assured the court that his client had apologized earlier as well and was ready to tender an unconditional apology even now. The lawyer definitely said that such words should not have been spoken. The court warned Kheda that the rhetoric and conversation should be level.

This warning of the apex court is also for our entire political fraternity – 'Leaders! Speak carefully!' This warning began to fall into disfavor only after Kheda's release, because Congress President Mallikarjun Kharge himself termed the Supreme Court's order as a 'slap' on the government. After that party spokespersons were seen crossing the limits of profanity on TV channels. Gritting his teeth, he kept arguing that Modi has said so many objectionable words about the Nehru-Gandhi family, but no case has been registered against him. Even in the Parliament, indecent language was used, but they were never criticized. However, in the current context, a slogan of the crowd has been issued from the official Twitter handle of the Congress - 'Modi teri kabr khudegi'. The question is, has the politics of protest got any license for 'bad-mouthing'? Now what will the Supreme Court say and what action can it take? Leaders who personally attack Prime Minister Modi in Congress are rewarded. Now Pawan Kheda can also be made a big leader. Congress spokespersons are even calling the Prime Minister a 'serial offender' (serial killer) on the public media. Who can shut his mouth? In our country, one leader often indulges in abusing while degrading another leader. It seems like there is no issue other than this. Issues related to the public should be resolved.


# Population: To take advantage of the maximum population, there is a need to connect the backward sections with the mainstream of development.

We may be ahead of China and America in terms of demographic dividend, but in terms of overall development, our position is far from satisfactory. These days it is very common to discuss that even before the end of the year 2023, India's population will be the largest in the world. However, on the basis of various global reports, it is believed that at present the population of India is at an initial level above 140 crores. Significantly, these days we are preparing the Amrit Mahotsav of Independence. The growth rate of population in India was about six percent in the year 1950, which was around 3.4 percent in 1992 and now it is around two percent. It is clear from this that the population grew at a rapid pace in the initial years after independence, but in the last two-three decades its rate of growth is quite controlled. However, the population of entire Europe is around 75 crores, whereas the population of entire North and South American continent is only half of that of India. According to the global research company Pew Research, for the coming 40 years, the age group (25 to 65 years) will be the largest contributor to the world's largest labor force and economic growth in the world in terms of collective productivity. This makes it clear that in the coming times, India will take a big lead on the front of economic development, because about 43 percent of the population will be below 25 years of age and 50 percent of the population will be in the age group of 25 years to 65 years, And only seven percent of the population will be over 65 years old. That is, for the next three to four decades, the number of earners in India will be more and the number of dependents will be less. At the same time, the population above 65 years is 14 percent in China and 18 percent in America and it is going to be around 30 percent by the next decade. According to reports, in view of the economic development in both China and America, the ratio of demographic dividend is going to fall rapidly in the coming times, whereas in this context, India will emerge strongly on the global stage. The average age in India is 28 years, while it is 39 years in China and 38 years in America. In the coming time, when it will be officially announced that India has become the most populous country in the world, the Indian society will focus on it. It will not be proud, rather it will emerge as a cause of concern. This will spell trouble for lower middle class families and middle class families. The reason for this is that even though India is the fifth largest economy in the world today, a large section of the society is not included in the mainstream of economic development. Economic disparity is the biggest problem for Indian democracy today, whose diagnosis is nowhere visible in economic policies. It is believed that due to the reins of the economy being indirectly in the hands of the private sector, the gap between poverty and richness will increase rapidly in the coming times. Unemployment has become a continuous problem and it is not being solved. Having become the world's most populous country at the initial level, we are definitely ahead in demographic dividend compared to China and America (which are our upcoming challenges on the economic footing). But the reality is also that today our educational system is not seen in a developed form at the global level. How India's young population, which has not been able to get quality education, will be able to beat India in comparison to developed countries, it is a matter of deep thinking. Obviously, change in economic policies should start immediately and it should be done in the early stages. The focus should be on the upliftment of the rural economy from the very beginning, so that the backward sections of the society can join the mainstream of economic development at the earliest. Otherwise, this huge population will become an indicator of our economic plight in the coming years.



# Alarm bells ringing in Punjab, surrender of police in front of anarchy is beyond comprehension

The way the Punjab Police looked helpless in front of the anarchy of the Khalistan supporters who came to the Ajnala police station in Punjab to release one of their comrades, reminded of the days when Khalistani terrorism was at its peak. Several Punjab Police constables were seriously injured in the attack by these Khalistani sympathizers and yet the police officials agreed to release the man who was arrested for kidnapping and assault. It is difficult for anyone to understand why the Punjab Police surrendered like this to the anarchy led by Amritpal Singh, a Khalistani supporter and head of an organization called Waris Punjab De? The Punjab government should also answer this question. More so because no case was registered against those who attacked the police. While the Khalistani supporters were busy marching on Ajnala police station, Punjab Chief Minister Bhagwant Mann was busy attracting investors in Mohali. After all, who would be ready to invest in Punjab in such an environment? The Hon'ble Government should know that the way the law and order situation is being challenged in the state, investors are already turning away from Punjab. Active Khalistan supporters in Punjab are on the one hand challenging the law and order, on the other hand the drug peddlers are also running rampant. Due to all this, Punjab is becoming an empty slogan. For a long time, the activism of Khalistan supporters is increasing in Punjab, but the state government is not showing the will to rein them. The result is that they are becoming more daring. The way he attacked Ajnala police station under the guise of religious symbols, it is also an indication of his audacity and also that he is adopting the same methods that Bhindranwale had adopted. This is nothing but a big alarm bell. Not only the Punjab government and its police will have consciousness, the political and social organizations of the state will also have to be aware. It is not a good sign that some political-social organizations are preferring to remain silent on the extremist activities of Khalistan supporters. Some of them are also those who had given air to Khalistani elements in the past. It is not hidden from anyone that how terrible its consequences were. Since elements resorting to anarchy in Punjab are not being dealt with as strictly as they should be, therefore the Central Government also needs consciousness. More so, because Khalistani supporters are becoming unbridled even outside the country.





# रामगंगा नदी में मिला बिहार के युवक का शव, जेब से मिला पासपोर्ट, फ्लाइट का टिकट और मोबाइल



मुरादाबाद-इंडिगो फ्लाइट का टिकट 16 फरवरी 2023 का दुबई के आबूधाबी से मुंबई तक है। कागजात से मृतक की पहचान बिहार के सारण जनपद के दौड़पुर थानाक्षेत्र के बरवा निवासी अभिषेक कुमार सिंह( 34 ) पुत्र अच्छेलाल सिंह के रूप में हुई है। मुरादाबाद के कटघर थानाक्षेत्र में रेलवे पुल के पास रामगंगा नदी में एक युवक का शव मिला है।

लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव नदी से बाहर निकलवाया। मृतक की जेब से पासपोर्ट, इंडिगो फ्लाइट का टिकट और मोबाइल मिला है। जिसके जरिए युवक की पहचान बिहार निवासी अभिषेक कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने परिवार से संपर्क कर इसकी सूचना दे दी है। कटघर क्षेत्र में रेलवे पुल के पास रामगंगा नदी में शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे कुछ लोग मछलियां पकड़ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने नदी में एक शव देख लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव नदी से बाहर निकलवा लिया।

फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सीओ शैलजा मिश्रा ने बताया कि तलाशी में मृतक की जेब से एक पासपोर्ट, इंडिगो फ्लाइट का एक टिकट और मोबाइल मिला है। इंडिगो फ्लाइट का टिकट 16 फरवरी 2023 का दुबई के आबूधाबी से मुंबई तक है। कागजात से मृतक की पहचान बिहार के सारण जनपद के दौड़पुर थानाक्षेत्र के बरवा निवासी अभिषेक कुमार सिंह( 34 ) पुत्र अच्छेलाल सिंह के रूप में हुई है। अभिषेक सिंह अबूधाबी में नौकरी करता था। वहां से घर लौट रहा था। रेलवे पुल के पास उसका शव मिला है लेकिन जेब में रेल टिकट नहीं मिला है।

सीओ शैलजा मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। बिहार के सारण जनपद की पुलिस से संपर्क कर मृतक के घर सूचना भिजवा दी गई है। परिजन बिहार से मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए हैं।

# हज कमेटी ऑफ इंडिया ने आजमीन को सुनाया नया फरमान- नहीं मिलेगी रियाल, स्वयं लेकर जाएं विदेशी मुद्रा



मुरादाबाद-हज कमेटी ऑफ इंडिया ने रियाल को लेकर इस बार नियम बदल दिया है। अब आजमीन को विदेशी मुद्रा ( सऊदी रियाल ) स्वयं लेकर जाने होंगे। हज कमेटी की ओर से कोई पैसा नहीं दिया जाएगा। पहले हज कमेटी की ओर से खर्च के लिए 1500 ( सऊदी रियाल ) दिए जाते थे। इस बार हज जाने वालों को यह सुविधा नहीं मिलेगी।

सऊदी अरब में हज के दौरान आजमीन अपने पास से भी रुपये खर्च करते थे। इसके लिए हज कमेटी आफ इंडिया आजमीन को 1500 ( सऊदी रियाल ) देती थी। इस बार से यह व्यवस्था आजमीन को नहीं मिलेगी। हज 2023 से हज कमेटी आफ इंडिया के माध्यम से जाने वाले हज यात्रियों के लिए यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है।

अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत हज-2023 की यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक हज यात्रियों को विदेशी मुद्रा की व्यवस्था व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं करनी होगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यात्रा के लिए उड़ान स्थल पर पहुंचने पर उनके पास न्यूनतम 1500 सऊदी रियाल प्रति हज यात्री उपलब्ध रहें। हज प्रशिक्षक हाजी मुख्तार असलम ने बताया कि अब आजमीन को अपने स्तर पर ही बैंक से विदेशी मुद्रा का इंतजाम करना होगा।

# उधार का विवाद भाई को चप्पल और बहन को थप्पड़ मारने से निपटा, ब्याज समेत लौटाए पैसे

मुरादाबाद/संभल -भाई को दो चप्पल मारी गईं और बहन को दो थप्पड़ मारे गए हैं। उधार भी ब्याज समेत देना पड़ा। मामला पुलिस तक पहुंचा था लेकिन पुलिस अब मामला जानकारी में नहीं होने की बात कह रही है। पांच हजार रुपये के उधार को लेकर हुए विवाद में पंचायत ने अमानवीय तरीके से समझौता कराया है। भाई को दो चप्पल मारी गईं और बहन को दो थप्पड़ मारे गए हैं। उधार भी ब्याज समेत देना पड़ा। मामला पुलिस तक पहुंचा था लेकिन पुलिस अब मामला जानकारी में नहीं होने की बात कह रही है। इस मामले की जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक से की तो उन्होंने कहा कि वह जांच कराएंगे। कार्रवाई होगी। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सिहावली निवासी एक व्यक्ति ने डेढ़ महीने पहले गांव निवासी महिला से पांच हजार रुपये उधार लिए थे। महिला मंगलवार को उधार के रुपये वापस लेने गई तो कहासुनी हो गई। महिला ने मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसमें महिला के खिलाफ भी तहरीर दी गई। पुलिस ने बुधवार की दोपहर उधार के रुपये नहीं देने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया और थाने बैठा लिया। हालांकि शाम को छोड़ दिया गया। बृहस्पतिवार को महिला और व्यक्ति को थाने बुलाया। महिला समझौते के लिए तैयार नहीं हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों को भेज दिया था। इस मामले में पूर्व ग्राम प्रधान ने गांव में ही एक व्यक्ति के घर पंचायत कराई जिसमें तय हुआ कि रुपये ब्याज समेत दिए जाएंगे। साथ ही महिला व्यक्ति को दो चप्पल और उसकी बहन को दो थप्पड़ महिला मारेगी। पंचायत ने इस फैसले पर मोहर लगा दी। इसके बाद उधार लिए पांच हजार रुपये ब्याज सहित साढ़े पांच हजार करके लौटाए। महिला ने पहले व्यक्ति को दो चप्पल मारीं और उसके बाद उसकी बहन को दो थप्पड़ मारे गए। यह आमानवीय फैसला पंचायत ने किया। थाना प्रभारी से इस बारे में जानकारी की तो वह जानकारी नहीं होने का हवाला देने लगे जबकि वह इस पूरे मामले को पहले से ही जानते हैं।

## 30 हजार रुपये देने के बाद थाने से छोड़ने की चर्चा

कहा जा रहा है कि जो व्यक्ति पांच हजार रुपये समय से वापस नहीं दे सका उसको बाद में काफी रुपये उधार लेने पड़े। गांव में चर्चा है कि तीस हजार रुपये देकर थाने से आया है। इसके बाद ब्याज समेत उधार के रुपये दिए हैं। चप्पल और थप्पड़ से इज्जत अलग गई है। थाना प्रभारी संजीव कुमार का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। उधार के रुपये नहीं चुकाने पर चप्पल और थप्पड़ मारने की जानकारी नहीं है। ऐसा करना गलत है। इस मामले की जांच कराई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. श्रीशचंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक, संभल

# डीजीपी कार्यालय में सम्बद्ध सीओ खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी, बयान दर्ज कराने के लिए नहीं हो रहे पेश



मुरादाबाद-कोर्ट में विचाराधीन मामले में बयान दर्ज कराने के लिए नहीं आ रहे सीओ के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया। डीजीपी कार्यालय से संबद्ध सीओ के खिलाफ एडीजी तीन की कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया है। इस मामले में आगामी 14 मार्च को कोर्ट ने हाजिर होकर बयान दर्ज कराने की तिथि निर्धारित की है। सिविल लाइंस थाने में साल 2015 में तत्कालीन उपनिरीक्षक विनोद कुमार शर्मा ने ओम प्रकाश, सुशील वाल्मीकि निवासी छजलैट व युद्धवीर उर्फ अनिल पुत्र कल्याण सिंह निवासी गंग नेहर हरिद्वार के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। उपनिरीक्षक विनोद कुमार शर्मा ने विवेचना कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। इस मामले में कोर्ट की ओर से समन जारी करके कई बार तलब किया जा चुका है, लेकिन वह बयान दर्ज कराने के लिए नहीं आए। मौजूदा समय में विनोद कुमार शर्मा डीजीपी लखनऊ में क्षेत्राधिकारी के रूप में संबद्ध हैं। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज कुमार यादव की कोर्ट में चल रही है। अतिरिक्त जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष भटनागर ने बताया कि कोर्ट ने उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 14 मार्च की तारीख दी है।

# अपर आयुक्त की अध्यक्षता में नगर निकायों/नगर पंचायतों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -आयुक्त सभागार में अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0एन0 यादव की अध्यक्षता में मण्डल की नगर निकायों/नगर पंचायतों की प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता कार्यक्रम, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु वधशाला, सभी मदों की वसूली आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में अपर आयुक्त श्री बी0एन0 यादव ने नगर पालिका अमरोहा से डंपिंग ग्राउण्ड के संबंध में जानकारी ली तथा उपस्थित सभी नगर निकायों के ई0ओ0 को निर्देश दिए कि डंपिंग ग्राउण्ड का निरन्तर स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि सभी ई0ओ0 रात और दिन की सफाई की स्थिति के बारे में निरन्तर अवगत कराए तथा सफाई कार्यक्रमों को गम्भीरता से लें।

कर -करेत्तर राजस्व संग्रह के संबंध में ई0ओ0 धनौरा और ई0ओ0 उझारी की कम कर वसूली के कारण नाराजगी जाहिर की तथा वसूली पर लक्ष्य के अनुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपस्थित ई0ओ0 को निर्देश दिए कि कोशिश करें कि अपने कार्यो में रचनात्मकता लाएं तथा कुछ नया करने का प्रयास करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी अमरोहा, बिजनौर, सम्भल, मुरादाबाद, सिटी मजिस्टेऊट रामपुर एवं मण्डल के सभी नगर निकायों के ई0ओ0 सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एस बी एस स्कूल में बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी

अफ़ाक हुसैन

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद तहसील बिलारी के हाथीपुर स्थित एस बी एस स्कूल में शनिवार को कला-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मुरादाबाद डीआईजी शलभ माथुर मौजूद रहे तथा अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे इस अवसर पर बच्चों ने तरह तरह की सामग्री से सुंदर सजावट के आइटम तैयार कर उनका प्रदर्शन किया जिसमें बच्चों ने शिक्षिकाओं और अभिभावकों के सहयोग से मॉडल तैयार कर उनका प्रदर्शन किया। काफी स्कूली बच्चों ने पुरस्कार हासिल किया। प्रधानाचार्य की देखरेख में हुए एग्जीबिशन कॉम फिट आयोजन में स्कूली बच्चों ने विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित करीब 40 मॉडलों का प्रदर्शन किया। मुख्य रूप से मौजूद रहे निदेशक राजीव सहाय, प्रिंसिपल संयोग वशिष्ठ, नाजिया खान, रोजीफा, बिनस गुप्ता, शोभना शर्मा, जरीन फातमा, सीमा परवीन, नेहा यादव, वरिशा, राजू सिंह, के.पी. सिंह, यशवीर, आशीष, रोहित, राजीव




शर्मा, अमन भारद्वाज, नगमा, हिबा, महक, आफरीन, सीमा, आदि समस्त स्टाफ का सहयोग प्रदान रहा





# डिवाइडर से टकराकर ट्रक के नीचे आए बाइक सवार साले-बहनोई की मौत

मुरादाबाद-कुंदरकी में मैनाठेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम मुरादाबाद संभल रोड पर महमूदपुर माफी के पास डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार साले बहनोई ट्रक के नीचे आ गए। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। भीषण हादसे के चलते यातायात प्रभावित हो गया। मैनाठेर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान अजय उर्फ मीनू ( 22 ) पुत्र राजपाल निवासी ग्राम लदूपुरा भीकम थाना मैनाठेर, मोनू ( 30 ) पुत्र टीकाराम निवासी एकता कॉलोनी थाना मझोला के रूप में हुई है।

शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे अजय उर्फ मीनू अपने चचेरे बहनोई मोनू के साथ महमूदपुर माफी से लदुपुरा भीकम लौट रहे थे। जैसे ही इनकी बाइक महमूदपुर माफी से कुछ आगे पहुंची। इसी दौरान किसी वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क की दूसरी साइड में जा गिरी। इस दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें साले बहनोई की मौत हो गई। राहगीरों ने शोर मचाया लेकिन चालक ट्रक दौड़ाकर भाग निकला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और यातायात चालू कराया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा एटा की मंथली मीटिंग



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा एटा जिला कमेटी की मंथली मीटिंग अब्दुल जब्बार वरिष्ठ महासचिव के घर पर जिला अध्यक्ष इरफान वारसी की अध्यक्षता हुई इस मीटिंग का संचालन वरिष्ठ महासचिव अब्दुल जब्बार जी ने किया जिस के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर रहे इसी मौके पर इंडियन शेख अब्बासी महासभा की कमेटी ने मोहम्मद साबिर अब्बास जी के रिटायर होने पर कमेटी द्वारा उनका शोल पहना कर व फूल माला से किया स्वागत सम्मान गया इसी दौरान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर अब्बासी जी ने कहा अब्बासी समाज का हर व्यक्ति उत्तर प्रदेश में नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान में अपना सहयोग प्रदान कर रहा है अब्बासी समाज के लोग डॉक्टर इंजीनियर आईपीएस आईएएस बनकर हिंदुस्तान का नाम रोशन कर रहे हैं मीटिंग में मौजूद रहे, जिला उपाध्यक्ष वकील अब्बासी, शहर अध्यक्ष आबिद वारसी, इंडियन शेख अब्बासी यूथ ब्रिगेड महासभा के जिला अध्यक्ष रियाज अब्बास, यूथ ब्रिगेड महासभा के उपाध्यक्ष सुल्तान अब्बासी, मुख्तार अब्बासी, शहर महासचिव यामीन अब्बासी, आदि लोग मीटिंग में मौजूद रहे

# प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित होंगे डॉ रघुनंदन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जेल सुधारों के क्षेत्र में पिछले 16 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता जेल सुधारक डॉ. प्रदीप रघुनंदन को उनके विशिष्ट बंदी सुधार अभियानों के लिए प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आगामी 15 मार्च को मुंबई में होने वाले एक विशेष समारोह में विभिन्न राजनैतिक एवं फिल्मी हस्तियों के बीच डॉ. प्रदीप रघुनंदन को यह अवार्ड प्रदान किया जाएगा। सोशली पॉइंट ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा देश भर में चलाए गए अभियान के बाद एवं ऑनलाइन सर्वे के आधार पर कारागार सुधारों के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले डॉ. प्रदीप रघुनंदन को इस अवार्ड के लिए चुना गया। जेल सुधारक डॉ रघुनंदन पिछले 16 वर्षों से उत्तर प्रदेश के कारागार में सुधारात्मक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं द्य जनपद कारागार एटा को देश का पहला आईएसओ प्रमाण पत्र दिलाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थीद्य उन्होंने बंदियों को शिक्षा का अधिकार दिलाया, जेल रेडियो के माध्यम से बंदियों का स्वास्थ्य मनोरंजन करने, योगा और खेलकूद के माध्यम से बंदियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने और जेल में रहते हुए उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने की दिशा में डॉ। रघुनंदन की सेवाएं महत्वपूर्ण है। रचनात्मक लेखन अभियान के तहत उन्होंने उत्तर प्रदेश के कारागार में निरुद्ध सैकड़ों बंदियों को साहित्यिक मंच प्रदान किया है और कविता कहानी गीत ग़ज़ल आदि के उनके संग्रह प्रकाशित कराए हैं। श्री रघुनंदन को दर्जनों बार राष्ट्रीय एवं प्रदेशीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है द्य उत्तर प्रदेश जेल के महानिदेशक आनंद कुमार ने उन्हें 26 जनवरी 2020 को उनकी विशेष जेल सेवाओं के लिए सम्मानित किया था। भारत सरकार की ओर से प्रदान किए जाने वाले नागरिक सम्मान पद्मश्री के लिए वह उत्तर प्रदेश की ओर से 8 बार नामांकित हो चुके हैं।

जेल सुधारक डॉ रघुनंदन के प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड के लिए चयनित होने पर जेल अधीक्षक अमित चौधरी, उप जेलर रित्विका प्रियदर्शी, जेलर आर के सचान वरिष्ठ अधिवक्ता महेश चंद शर्मा लोकेंद्र मिश्रा एडवोकेट आनंद कुमार अमित स्वरूप सक्सेना गिरीश चंद्र शर्मा एडवोकेट कैलाश सविता प्रख्यात कवि एवं गीतकार डॉ राकेश मधुकर बलराम सरस डॉक्टर के पी सिंह डॉ राकेश सक्सेना राजू दीक्षित अहिबारन सिंह कुमार लोकेश डॉ मनोज शर्मा मनोज कुमार शर्मा आर के दीक्षित सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया।

# दो अरोपियों को न्यायालय से कारावास और जुर्माने की मिली सजा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते दो अलग अलग मामलों में दो अरोपियों को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय से कारावास और जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- 1. दिनांक 24.02.2023 को अभियुक्त हरिओम पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी महाराजपुर थाना जसरथपुर एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 123/2014 धारा 392,411,120बी भादवि थाना जैथरा जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज डकैती कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 03 वर्ष कठोर कारावास से दंडित किया गया। दिनांक 24-02-2023 को अभि0 बन्टी उर्फ सन्तोषजनक पाल पुत्र श्री सियाराम नि0 नगला गहराना थाना मारहरा एटा संबंधित मु0अ0सं0 749/2000 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना मारहरा जनपद एटा को दोषी पाते हुए मा0 न्यायालय एडीजे-04/एनडीपीएस एक्ट द्वारा अभियुक्त को 01 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

# पथरी के ऑपरेशन में काटी गलत नस, महिला की मौत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- पथरी के ऑपरेशन में लापरवाही बरतने से महिला की मौत हो गई। पति गलत नस काटने से पत्नी की मौत होने की रिपोर्ट कथित डॉक्टर के खिलाफ दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जैथरा के गांव अल्लापुर निवासी अंगद सिंह ने थाना नयागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पत्नी रेनू ( 30 ) के पेट में पथरी थी। वह डॉ. आरिफ खान के पास पहुंचा जो सराय अगहत में ग्रामीण नर्सिंग होम नाम से क्लीनिक चलाते हैं। उन्होंने ऑपरेशन की बात कही थी। दिसंबर में ऑपरेशन किया, लेकिन उसके दो दिन बाद ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। इस पर आगरा स्थित एक अस्पताल में भेज दिया। पुलिस के अनुसार आगरा में हॉस्पिटल के चिकित्सक ने पति अंगद को बताया कि ऑपरेशन के दौरान गलत नस कट गई है, जिसके बाद परिजन महिला को गांव ले आए थे। शुक्रवार सुबह महिला की मौत हो गई। पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नयागांव पुलिस ने बताया, शिकायत पर नर्सिंग होम संचालक डॉ. आरिफ खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। क्लीनिक से बोर्ड हटाकर कथित डॉक्टर फरार हो गया है।

# समधिन ने समधी के साथ की जमकर मारपीट, अधेड़ पिटाई से हुआ लहूलुहान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-एटा में राजस्व विवाद को लेकर समधिन ने समधी के साथ की जमकर मारपीट, अधेड़ पिटाई से हुआ लहूलुहान, जनपद की सदर तहसील के नायब तहसीलदार कोर्ट में चल रहा था जमीनी राजस्व विवाद, आरोपी महिला पूनम पर समधी उदयवीर सिंह को ईट से घायल कर पीटने का आरोप, पीड़ित घायल उदयवीर सिंह नगला तिरेशठ का रहने वाला बताया जा रहा है, आरोपित महिला का आरोप है कि दामाद की मृत्यु होने के बाद ससुरालीजन बेटी के हिस्से की नही दे रहे थे ज़मीन,दोनों पक्षों में विवाद बढ़ता देख थाना कोतवाली नगर पुलिस ने दोनों पक्षो को लिया पुलिस हिरासत में,

# जिला कारागार में लग रही है बंदियों की पाठशाला



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-कासगंज- निरक्षर व्यक्ति में ज्ञान संस्कार और लोकाचार का अभाव देखने को मिलता है। अशिक्षा के कारण उसमें आपराधिक मानसिकता का विकास आसानी से हो जाता है। यह माना जाता है कि साक्षरता आने से व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आता है और आसानी से वह आपराधिक क्षेत्र की ओर आकर्षित नहीं होता है। साक्षरता के इसी महत्त्व को देखते हुए कासगंज की जिला जेल में निरक्षर बंदियों को साक्षर करने की मुहिम चलाई जा रही है। शिव नाडर फाउंडेशन नोएडा द्वारा आयोजित निरक्षर बंदियों को साक्षर करने के लिए कासगंज की जिला जेल में बंदियों को शिक्षित करने के लिए प्रतिदिन दो घंटे कक्षाएं लगाईं जा रहीं हैं। बंदियों को साक्षर करने के लिए जेल में चार महीने तक चले पहले बैच को पूर्ण कर लिया गया है। इसमें 35 बंदियों को अब तक साक्षर किया जा चुका है। वहीं अन्य 35 निरक्षर बंदियों को साक्षर करने के लिए दूसरे बैच भी आरम्भ हो चुका है। इन बंदियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े ही मनोरंजक तरीके से अक्षर ज्ञान कराया जा रहा है। फाउंडेशन की ओर से इस पाठशाला में पढ़ाई के लिए आने वाले बंदियों को नई किरण के नाम से एक किताब के साथ कॉपी व पेन-पेंसिल का भी वितरण किया जा रहा है। जेल में साक्षरता का यह कार्यक्रम भविष्य में निरंतर चलता रहे। इसके लिए फाउंडेशन ने पांच बंदियों को भी शिक्षण कार्य के लिए प्रशिक्षित कर दिया है। जेल केवल ईंट, पत्थर और सीमेंट का एक निर्जीव ढांचा भर नहीं है, वल्कि इसका समूचा अस्तित्व ही समाज से है। बंदियों को शिक्षित करने की यह मुहिम समाज सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है।-विजय विक्रम सिंह, जेल अधीक्षक, कासगंज

शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा आईसीटी डिजिटल कंटेंट के माध्यम से निरक्षर बंदियों को साक्षर करने का काम किया जा रहा है। प्रदेश के नौ जिलों की जेलों में इस तरह का शिक्षा अभियान संचालित किया गया है। इनमें जिला कासगंज समेत गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, उन्नाव व प्रयागराज शामिल हैं। सोबरन सिंह, सीनियर रिसोर्स कॉर्डिनेटर शिव नाडर फाउंडेशन

# हजारा नहर पुल पर महिला का शव मिलने से सनसनी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र में हजारा नहर पुल के नीचे महिला का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही सीओ व कोतवाली प्रभारी मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए और मुआयना किया। पुलिस के काफी प्रयासों के बाद भी मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की मध्याह्न करीब 12 बजे हजारा नहर बाईपास पुल के नीचे एक महिला का शव पड़े होने की जानकारी मिली। सीओ अजीत चौहान और कोतवाली प्रभारी मय थाना पुलिस के मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। एएसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि महिला का शव नहर पुल के नीचे मिला है। मृतका की उम्र लगभग 35 वर्ष है। अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिनाख्त के बाद ही पर्याप्त जानकारी हो सकेगी

# एल0ई0डी0 वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन के विकास एवं उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, इसके लिए सरकार द्वारा गरीब, असहाय, निर्धन वर्गो के उत्थान के साथ ही किसानो के उत्थान के लिए तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ का व्यापक प्रचार प्रसार सूचना विभाग के एलईडी वैन द्वारा किया गया है जो जिले के सभी विकास खण्डो एवं गांवो में जाकर फिल्म दिखाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओ की जानकारी उन्हे मिल सके तथा वे इसका लाभ भी उठा सके।उक्त विचार कलेक्ट्रेट कैम्पस से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ से इस जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयी एल0ई0डी0 वैन/वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होने कहा कि जागरूकता के अभाव में तमाम लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी न होने के कारण वे पात्र होने के बाद भी सरकार की योजनाओ से संतृप्त नही हो पाते है। निश्चित ही जिले में इस वीडियो वैन के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओ से सम्बन्धित वृहद जानकारी होगी और वे सरकार की योजनाओ से जुड़कर लाभ उठायेंगे।उन्होने बताया कि एलईडी वैन द्वारा क्रमशः प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 से रिकार्ड निवेश एवं रिकार्ड रोजगार, नमामि गंगे, पूर्वांचल एक्सप्रेस -वे, मिशन शक्ति, ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'', शिक्षा, श्रम, सेवायोजन, पेंशन, सिंचाई, आईसीडीएस, अल्पसंख्यक कल्याण, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओ की एलईडी वैन द्वारा फिल्म दिखाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा, ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ से जन-जन को अवगत कराया जा सके।

# किशोरी संग रिश्ते के भाई ने की दुष्कर्म की कोशिश, जेल भेजा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - बन्नादेवी क्षेत्र के में एक युवक के रिश्तेदार भाई ने सुबह घर में ही किशोरी संग दुष्कर्म की कोशिश की। इस दौरान किशोरी के शोर पर वह भाग गया। परिवार वालों ने आरोपी को दबोच लिया और पुलिस बुला ली। बाद में आरोपी को सौंप दिया गया। मामले में मुकदमे के आधार पर उसे जेल भेजा गया है। मूल रूप से बरला के सूरजपुर का 20 वर्षीय नीतेश बन्ना देवी क्षेत्र में रहने वाली अपनी मौसी के घर आया था। जहां मौसी के परिवार की 15 वर्षीय किशोरी है। रिश्ते में बहन किशोरी को सुबह करीब दस बजे आरोपी नीतेश ने कमरे में दुष्कर्म के इरादे से खींच लिया। किशोरी ने शोर मचाया तो परिजन एकत्रित हो गए और नीतेश को पकड़ लिया। बाद में पुलिस भी पहुंच गई। इंस्पेक्टर बन्नादेवी के अनुसार आरोपी युवक की मौसी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
• वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# शहर के बीचों बीच चलती रोडवेज़ बस में लगी आग



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-शहर के बीचों बीच चलती रोडवेज़ बस में लगी आग जनपद एटा में चलती बस में लगी आग आग लगने से रोडवेज़ बस में मची अफरा-तफरी बस ड्राइवर की सूझबूझ के चलते टला बड़ा हादसा रोडवेज बस फ़रूख़ाबाद से सवारी लेकर जा रही थी दिल्ली फर्रुखाबाद डिपो की बस में लगभग 4 दर्जन यात्री बताए गए एटा शहर के माया पैलेस के सामने चलती हुई रोडवेज़ बस के इंजन में लगी आग॥

# कोल्ड ड्रिंक के लालच में बुलाया खेत में, हाथ-पैर बांधकर युवक ने किया किशोर से कुकर्म

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ -अलीगढ़ में लोधा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक एक किशोर को कोल्ड ड्रिंक पिलाने का लालच देकर खेत में ले गया और उसके हाथ-पैर बांधकर उसके साथ कुकर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पीड़ित किशोर को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेज दिया है। आरोप है कि युवक किशोर को लाहा के खेत में ले गया और उसके हाथ-पैर बांधकर उसके साथ इस घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। किशोर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन किशोर की तलाश में जुट गए। खेत में से जब किशोर के रोने की आवाज आई, तो परिजन दौड़कर खेत पर पहुंचे। उनसे लिपटकर किशोर रोने लगा और अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पीआरवी के साथ लोधा थाना पुलिस भी पहुंच गई और घटना की जानकारी लेने लगी। इस बीच खेत से निकलकर भाग रहे आरोपी को ग्रामीणों ने दौड़कर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने किशोर को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। लोधा थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि कुकर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सीमावर्ती गांवों में शुरू हुई मोबाइल नेत्र जांच सेवा



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- अध्यक्ष, इंडियन रेडक्रास सोसायटी/जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि जनपद के सीमावर्ती गांवों में मोबाइल नेत्र सेवा के माध्यम से ग्रामीणों की नेत्र जांच शुरू की गयी है। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे गांव जो बिल्कुल सीमाओं पर स्थित हैं।

उनके नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए उनके गांव में ही नेत्र जांच हेतु राधेलाल हरिनारायण चौरिटेबल ट्रस्ट बहराइच द्वारा एक मोबाइल नेत्र सेवा वैन उपलब्ध कराई गयी है जो कि सीमावर्ती गांवों में जाकर वहां के नागरिकों की नेत्र जांच करेगी। ग्रामीणों को निशुल्क चश्मे व दवायें भी संस्था की ओर से निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। जिसमें सशस्त्र सीमा बल की टीम द्वारा नेत्र जांच टीम का सहयोग भी किया जायेगा।जिसके तहत आज रज्जू भैया मोबाइल नेत्र सेवा द्वारा सीमावर्ती गांव ककरदरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में नेत्र जांच की गयी। जिसमें 232 ग्रामीणों की जांच की गयी। 50 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा व सभी को निशुल्क दवा भी प्रदान की गयी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी, एस0एस0बी0 कमांडर विश्व राजीव कुमार, नेत्र परामर्शदाता प्रभाकर मिश्र, अटेंडेंट सत्यव्रत शुक्ला, उपस्थित रहे।




# 56 एसडीएम एक ही जाति से बनाने पर अखिलेश का जवाब, मुख्यमंत्री योगी सूची दें, हवाई बातें न करें




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगाए गए आरोपों का मीडिया को संबोधित करते हुए जवाब दिया। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। सपा के राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सपा सरकार में एक ही जाति से 56 एसडीएम बनाने की बात कर रहे हैं। वो हमें उन अधिकारियों के नाम दें। हवाहवाई बातें न करें। हमने इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है। सदन में हवा में कोई बात नहीं कहनी चाहिए। अखिलेश यादव विधानसभा के बाहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आरोप का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को यूपी विधानसभा में पूर्ववर्ती सपा सरकार पर जाति के आधार पर भर्ती का आरोप लगाते हुए कहा था कि सपा सरकार में जाति देखकर नौकरी दी जाती थी। अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और गनर की हत्या को लेकर कहा कि प्रयागराज की घटना फिल्मी तरीके से हुई। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। दौड़ाकर गोली मारी जा रही है। सुरक्षाकर्मी की भी जान चली गई। अस्पताल में समय से इलाज मिलता तो जान बच सकती थी। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा और स्वास्थ्य समेत सभी मोर्चों पर पूरी तरह से फेल है। पुलिस और इंटेलीजेंस क्या कर रहा था। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस क्या यही है। उन्होंने कहा कि यूपी में टेंपरेरी डीजीपी है। इलाहाबाद और कानपुर की घटना दुखद. है। सरकार के पास कोई जवाब नहीं है।अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। कानपुर देहात में मां-बेटी जल गई। प्रशासन देखता रहा। सरकार ने न्याय नहीं किया। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि गेस्ट हाउस केस को सुप्रीम कोर्ट ने खत्म कर दिया है मुख्यमंत्री योगी उस पर चर्चा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को कोई जानकारी नहीं है। जो बातें खत्म हो चुकी हैं। उस पर चर्चा कर रहे हैं।

## हम रामचरितमानस के खिलाफ नहीं, कुछ बातों पर आपत्ति

अखिलेश यादव ने कहा कि रामचरितमानस के खिलाफ कोई नहीं है। कुछ चीजों को लेकर आपत्ति है। यह पांच हजार साल पुरानी लड़ाई है। जो गलत है वह गलत है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल है। सरकार को बताना चाहिए कि प्रदेश में कितने बेरोजगार हैं।

# उमेश पाल हत्याकांड : कचहरी से ही पीछे लगे थे बदमाश, घर पहुंचते ही बरसाने लगे गोली और बम



राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और उनके गनर की हत्या की वारदात जिस तरीके से अंजाम दी गई, उससे यह तय है कि इसके लिए फुलप्रूफ प्लानिंग की गई थी। उमेश के कार से घर के बाहर पहुंचने पर यह वारदात की गई। राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और उनके गनर की हत्या की वारदात जिस तरीके से अंजाम दी गई, उससे यह तय है कि इसके लिए फुलप्रूफ प्लानिंग की गई थी। यह भी कहा जा रहा है कि जिस तरह से उमेश के कार से घर के बाहर पहुंचने पर यह वारदात की गई, उससे यह भी आशंका जताई जा रही है कि शायद हत्यारे कचहरी से ही उनके पीछे लगे थे।इस हत्याकांड के पीछे फुलप्रूफ प्लानिंग की बात कही जा रही है तो इसकी अपनी वजहें भी हैं। पहली वजह यह है कि उमेश के गाड़ी से उतरते ही हत्यारों ने उन पर हमला बोल दिया। यानी उन्हें यह पता था कि उमेश घर कब आने वाले हैं और इसके लिए वह पहले से ही तैयार थे। यही वजह थी कि उन्हें संभलने का भी मौका नहीं मिला। दूसरी वजह यह है कि हत्यारों को यह पता था कि गाड़ी से उतरते वक्त सुरक्षाकर्मियों को भी पोजीशन लेने में कुछ वक्त जरूर लगेगा और हुआ भी ठीक ऐसा ही। जब तक उमेश के गनर पोजीशन ले पाते, हमलावर उन्हें भी निशाना बना चुके थे। तीसरी वजह यह है कि बदमाश पिस्टल ही नहीं बल्कि बमों का जखीरा लेकर भी पहुंचे थे। यानी उनकी प्लानिंग यह भी थी कि फायरिंग में किसी तरह उमेश बच भी गए तो कम से बम के हमले से वह ना बच सकें। यही वजह है कि अन्य बदमाशों के ताबड़तोड़ फायरिंग करने के साथ ही एक बदमाश लगातार बम चलाता रहा।

## करीब आधे घंटे पहले निकले थे कोर्ट से

बताया जा रहा है कि वारदात से करीब आधे घंटे पहले ही उमेश कोर्ट से निकले थे। वहां से सीधे वह निकलकर घर ही पहुंचे थे। ऐसे में इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले न सिर्फ उनकी रेकी हुई बल्कि घटना के दौरान एक -एक पल की लोकेशन भी शूटरों को दी जा रही थी। यानी कोई ऐसा जरूर था तो कचहरी से ही उमेश पर लगातार नजर बनाए रखे हुए था।

## फोन पर किससे कर रहे थे बातें?

जिस वक्त उमेश पर हमला हुआ, वह किसी से फोन पर बातें कर रहे थे। दरअसल घटना का जो सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ है, उसमें साफ दिख रहा है कि अपनी कार से उतरते वक्त उमेश किसी से फोन पर बातें कर रहे थे। अब यह शख्स कौन था, इसके बारे में उनके मोबाइल की जांच के बाद ही कोई जानकारी मिल सकेगी।

## सुलेमसराय से लेकर कचहरी तक के खंगाले फुटेज

घटना के बाद एसओजी ने सुलेमसराय से लेकर कचहरी तक लगे दो दर्जन से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। आईट्रिपलसी में पहुंचकर घटना से एक घंटे पहले व एक घंटे बाद तक का फुटेज चेक किया। फिलहाल देर रात तक पुलिस को हत्यारों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल सका था।

## एसओजी की 10 टीमें, एसटीएफ भी लगी

इस घटना के बाद हत्यारों की तलाश में एसओजी की 10 टीमें लगा दी गई हैं। इसके साथ ही इस मामले में एसटीएफ को भी लगाया गया है। एसटीएफ प्रयागराज के साथ ही वाराणसी इकाई की भी मदद ली जा रही है। उधर प्रयागराज से सटे जनपदों मसलन कौशाम्बी, प्रतापगढ़ जौनपुर, मिर्जापुर आदि की भी पुलिस को अलर्ट किया गया है।

# महिला की हत्या कर शव फेंकने का आरोप, सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के अधिकारी हिरासत में



पुलिस अधिकारी ने बताया कि कामरूप जिले के चंगसारी में एक महिला का शव बीती 15 फरवरी को बरामद हुआ था। इसी मामले में सैन्य अधिकारी को हिरासत में लिया गया है। असम के सोनितपुर जिले में एक महिला की हत्या का आरोप में पुलिस ने सेना के एक अधिकारी को हिरासत में लिया है। कामरूप पुलिस की एक टीम ने सैन्य अधिकारी को शुक्रवार को तेजपुर स्थित 4 कॉर्प्स से हिरासत में लिया। सोनितपुर की एएसपी मधुरिमा दास ने बताया कि हिरासत में लिए गए सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कामरूप जिले के चंगसारी में एक महिला का शव बीती 15 फरवरी को बरामद हुआ था। इसी मामले में सैन्य अधिकारी को हिरासत में लिया गया है। जिस महिला का शव बरामद हुआ है, वह तमिलनाडु की है। फिलहाल पुलिस सैन्य अधिकारी से पूछताछ कर रही है। एएसपी ने बताया कि सैन्य अधिकारी को सेना के 4 कॉर्प्स मुख्यालय से हिरासत में लिया गया है। कामरूप के एसपी हितेश चंद्र रॉय ने बताया कि सैन्य अधिकारी से अभी पूछताछ चल रही है। अभी तक यह साफ नहीं है कि सैन्य अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है या फिर उनसे सिर्फ पूछताछ हो रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी पूछताछ चल रही है।

पूछताछ के आधार पर ही तय किया जाएगा कि सैन्य अधिकारी को गिरफ्तार करने की जरूरत है या नहीं। बता दें कि महिला का शव सड़क किनारे एक बोरी से बरामद हुआ है। मृतक महिला की उम्र 35-36 साल के करीब है। माना जा रहा है कि महिला की हत्या के बाद उसके शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया।

# धर्म बदलकर किया प्रेम विवाह: अब घरवाले दे रहे जान से मारने की धमकी, युवती ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार



भुता थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने धर्म परिवर्तन करा लिया। इसके बाद अपने प्रेमी से शादी कर ली। युवती का आरोप है कि उसके घरवाले उसे जान से मारना चाहते हैं। बरेली के भुता थाना क्षेत्र में युवती महविश ने धर्म बदलकर प्रेमी सरन मौर्य से शादी कर ली है। धर्म परिवर्तन के बाद महविश ने अपना महिमा मौर्य कर लिया है। महंत केके शंखधार ने हिंदू रीति-रिवाज से प्रेमी युगल की शादी कराई। शनिवार दोपहर को महंत केके शंखधार के साथ महिमा और सरन एसएसपी ऑफिस पहुंचे। प्रेमी युगल ने सीओ को एक पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। महिमा उर्फ महविश ने आरोप लगाया कि धर्म परिवर्तन कर प्रेम विवाह करने की वजह से उसके घरवाले उसे जान से मारना चाहते हैं। यह लोग उसके पति और ससुराल के लोगों पर फर्जी मुकदमा करा चुके हैं। दोबारा भी करा सकते हैं।

## दोनों ने 17 फरवरी को छोड़ा था घर

भुता क्षेत्र के गांव सिगाही मुरावान निवासी सरन मौर्य का गांव की ही महविश से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अलग महजब होने के कारण परिवार वाले उनके रिश्ते के खिलाफ थे। इसके चलते 17 फरवरी को दोनों घर छोड़कर चले गए। दोनों कुछ दिनों तक चंडीगढ़ में रहे। इसके बाद बरेली वापस आ गए।

## अगस्त्य मुनि आश्रम में लिए सात फेरे

सरन और महविश बरेली में पंडित केके शंखधार के पास अगस्त्य मुनि आश्रम पहुंच गए। शंखधार ने दोनों के कागजात देखे। बालिग होने पर डीएम के यहां सूचना भिजवाकर शादी करा दी। दोनों की शादी कराने से पहले पंडित के के शंखधार ने

## महविश के धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी कराई।

महविश उर्फ महिमा मौर्य ने कहा कि हिंदू धर्म में उसकी आस्था पहले भी थी। अब और बढ़ गई है। उसने बताया कि उसने अपनी मर्जी से प्रेमी से शादी की है। वह जिंदगीभर उसी के साथ रहेगी। आरोप है कि उसके घरवाले उसे जान से मारना चाहते हैं। धमकी दे रहे हैं। इसलिए वह एसएसपी ऑफिस सुरक्षा की गुहार लगाने आई।

